बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

वि०सं० 05/2015, दन्त चिकित्सक के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक–17.11.2017 को प्रकाशित आवश्यक सूचना के आलोक में प्राप्त अभ्यावेदनों से सम्बन्धित आवश्यक सूचना

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार स्वास्थ्य सेवा के अधीन बेसिक ग्रेड दन्त चिकित्सक (वि.सं.– 05/2015) के पदों पर नियुक्ति हेतु दिनांक 17.11.2017 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित आवश्यक सूचना के आलोक में उम्मीदवारों द्वारा प्रेषित आपत्ति अभ्यावेदनों/संलग्न कागजातों के आधार पर औपबंधिक रूप से अर्हित उम्मीदवारों के साक्षात्कार का विस्तृत कार्यक्रम व निदेश आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है। औपबंधिक रूप से अर्हित अभ्यर्थियों (आपत्ति अभ्यावेदन के आलोक में) का **साक्षात्कार दिनांक 11.06.2018 से 14.06.2018 तक आयोजित किया जायेगा।** उम्मीदवार अपने अनुक्रमांक के आधार पर साक्षात्कार पत्र, साक्षात्कार की तिथि से एक सप्ताह पूर्व आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड कर निर्धारित तिथि एवं समय पर साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। किसी भी अभ्यर्थी को डाक के माध्यम से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजा जाएगा। सभी अर्हित अभ्यर्थियों को तत्काल पूर्णतः औपबंधिक रूप से साक्षात्कार में शामिल किया जा रहा है। ऐसे अभ्यर्थियों की अर्हता पर यथासमय निर्णय लेने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

2. अन्य वैसे अनर्हित उम्मीदवार जो आपत्ति अभ्यावेदनों के जाँचोपरान्त भी पुनः अनर्हित योग्य ही है तथा वैसे उम्मीदवार जो साक्षात्कार के लिए निर्धारित कोटिवार कट–ऑफ अंक के अंतर्गत नहीं आते हैं, उनकी सूची भी आयोग के वेबसाईट पर प्रकाशित है।

3. उक्त सूचना आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

15.5.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना